बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

आदेश

पटना, दिनांक ....

संचिका संख्या–10/वि०22–10/2026.................राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा, अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अराजकीय अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय को सहायता अनुदान राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। ई–शिक्षा कोष पर यू–डायस कोड के साथ विद्यालयों का आँकड़ा तो उपलब्ध है परंतु नियमित रूप से अद्यतन नहीं हो रहा है साथ ही इसमें कार्यरत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की विस्तृत विवरणी नहीं है।

2. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा, अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अराजकीय अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों की पूर्ण विवरणी तथा इनमें कार्यरत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मियों की पूर्ण विवरणी एवं इसमें अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की पूर्ण विवरणी की प्रविष्टि ई–शिक्षा कोष में कराने का निर्णय लिया गया है।

3. इस आदेश का कार्यान्वयन सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड/सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना द्वारा ससमय सुनिश्चित की जाए।

ह०/–

(दिनेश कुमार)

सचिव,

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10/वि०22–10/2026................. पटना, दिनांक.........................

प्रतिलिपि :–अपर राज्य परियोजना निदेशक, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवम् निदेश है कि अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसा, अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित संस्कृत विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त अराजकीय अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों से संबंधित पूर्ण विवरणी की प्रविष्टि ई–शिक्षा कोष में कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

ह०/–

सचिव,

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10/वि०22–10/2026 1102 पटना, दिनांक 15-5-26

प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अध्यक्ष, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना के आप्त सचिव/अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना के आप्त सचिव/निदेशक, मा0शि0/विशेष निदेशक, मा0शि0/उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना/सचिव, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/सभी संबंधितों एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव,

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।